बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001
विज्ञापन संख्या–06/2022 सहायक, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

विज्ञापन संख्या 06/2022, सहायक, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के कुल–44 (चौवालीस) पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक–06.09.2022 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन में सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–1003, दिनांक–22.01.2021 द्वारा प्रावधानित संविदा कर्मियों को नियमित नियुक्ति में अधिमानता दिये जाने के आलोक में केवल विधिवत्त नियोजित सहायक के पद पर कार्यरत संविदा कर्मियों से दिनांक–06.09.2022 को प्रकाशित विज्ञापन में निम्नांकित संशोधन के साथ पुनः ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित हैं:–**

1.	ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	दिनांक–14.12.2022
2.	ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	दिनांक–21.12.2022

2. **शैक्षणिक योग्यता:**– किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री। आवेदन प्राप्ति हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदक को स्नातक का डिग्रीधारक होना अनिवार्य है।
3. **विज्ञापन की कंडिका–4 उम्र सीमा**– दिनांक– 01.08.2022 को न्यूनतम 21 वर्ष, अधिकतम अनारक्षित (पुरूष)– 37 वर्ष, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला)–40 वर्ष, अनारक्षित महिला – 40 वर्ष एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)– 42 वर्ष।
   (i) संविदा नियोजन के फलस्वरूप किये गये कार्य अवधि के समतुल्य अवधि की छूट अधिकतम उम्र सीमा में दी जायेगी। किसी कार्यरत वर्ष के अंश को भी इसमें शामिल किया जायेगा। अधिकतम उम्र सीमा में छूट का दावा करने की स्थिति में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
4. **विज्ञापन की कंडिका–5 चयन प्रक्रिया**– संविदा के आधार पर पूर्व में अभ्यर्थी द्वारा प्रतिवर्ष की गई संतोषजनक सेवा के लिए अधिकतम 5 अंक प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 25 अंकों की अधिमानता (किसी वर्ष के अंश के लिए कार्यदिवसों की संख्या में 5 से गुणा करने के पश्चात् 365 से भाग देकर प्राप्त अनुपातिक अंक जोड़ा जायेगा) दी जायेगी।

नोटः–**(1) परन्तु उक्त वर्णित उम्र सीमा में शिथिलिकरण एवं कार्यानुभव के आधार पर नियुक्ति में अधिमानता का लाभ सिर्फ उसी पद पर नियमित नियुक्ति में दिया जायेगा, जिस पद पर संविदा नियोजन के तहत कार्य किया गया हो।**

(2) उपर्युक्त सुविधाएँ केवल विधिवत्त नियोजित संविदा कर्मियों को संकल्प ज्ञापांक–1003, दिनांक–22.01.2021 के आलोक में अनुमान्य होगी। ये सुविधाएँ अवैध नियुक्तियों, दैनिक वेतनभोगी कर्मियों एवं बाह्य सेवा प्रदाता से सेवा प्राप्त करने के संबंध में लागू नहीं होगी।

(3) शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य दावों से संबंधित सभी प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि–21.12.2022 तक का निर्गत होना चाहिए अन्यथा उम्मीदवार की उम्मीदवारी रदद् कर दी जायेगी।

5. **विज्ञापन प्रारूप की कंडिका–5 (F) मेधा सूचीः– प्रारम्भिक परीक्षा के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये चुने जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या कुल संसूचित रिक्तियों की दस गुनी होगी। मुख्य परीक्षा के प्राप्तांक एवं कार्यानुभव में अधिमानता के आधार पर ही आरक्षण कोटिवार मेधा सूची तैयार की जायेगी।**

दिनांक–06.09.2022 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–06/2022 (सहायक, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना) आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित है, को इस हद तक संशोधित किया जाता है एवं उक्त विज्ञापन संख्या–06/2022 (सहायक, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना) की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(i) वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में दिनांक 06.09.2022 को प्रकाशित विज्ञापन के निर्धारित शर्तों के आलोक में ऑनलाइन आवेदन कर चूके हैं, उन्हें दुबारा ऑनलाइन आवेदन भरने की आवश्यता नहीं है। शेष सभी इच्छुक विधिवत्त नियोजित सहायक के पद पर कार्यरत संविदा कर्मी संशोधित विज्ञापन के आलोक में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

6. **उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है।**
7. **अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।**

9.12.22

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।